## Need to create a Master Plan for Panchayats in rural areas

श्रीमती संध्या राय (भिण्ड) **:** माननीय सभापति महोदय, मैं सरकार से आग्रह और निवेदन करती हूँ कि जिस तरह नगरपालिकाओं का मास्टर प्लान बनाया जाता है, उसी तरह ग्रामीण क्षेत्र की जो हमारी पंचायतें हैं, उन पंचायतों का भी एक मास्टर प्लान बने, जिससे गांव की प्रत्येक गली, सीसी रोड तथा नाली सहित बनाई जाए । गांव में विद्युतीकरण हो, पानी की अच्छी व्यवस्था हो । गांव में शिक्षा और स्वास्थ्य की बेहतर व्यवस्था हो, क्योंकि गांव में नल से जल योजना का काम अभी ठीक से नहीं चल रहा है । इसलिए व्यवस्थित योजना बने और इसके लिए शासन की तरफ से पंचायतों का एक मास्टर प्लान तैयार हो ।